श्रावण मास, कृष्ण पक्ष 1 वर्ष, अंक 127, पृष्ठ 4, मूल्य 1.00

# अखण्ड भारत सन्देश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज रविवार, 13 दिसम्बर, 2020

विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान की एक अनुपम भेंट

# किसानों ने किया 14 दिसंबर को भूख हड़ताल का ऐलान

## दिया 'दिल्ली चलो' का नारा, वहीं एक गुट ने चिल्ला बार्डर खोला

**किसान नेताओं ने शनिवार को नए कृषि कानूनों के वापसी की मांग को लेकर आंदोलन को और तेज करने का एलान किया है। किसानों ने कहा है कि वह 14 तारीख को अनशन पर बैठेंगे। इस बीच किसानों ने कई टोल प्लाजा पर कब्जा कर लिया है।**




**नई दिल्ली, एजेंसियां।** किसान नेताओं ने शनिवार को नए कृषि कानूनों के वापसी की मांग को लेकर आंदोलन को और तेज करने का एलान किया है। किसानों ने कहा है कि वह 14 तारीख को अनशन पर बैठेंगे। इस बीच किसानों ने कई टोल प्लाजा पर कब्जा कर लिया है और कई दूसरी सड़कें जाम करने की चेतावनी दी है। किसान यूनियन के नेताओं ने बताया कि हमने आंदोलन को और तेज करने का फैसला किया है। राजस्थान के शाहजहांपुर के किसान रविवार को सुबह 11 बजे जयपुर-दिल्ली राजमार्ग के जरिए 'दिल्ली चलो' मार्च शुरू करेंगे।

इस बीच किसानों ने वाहनों की आवाजाही के लिए चिल?ला बार्डर खोल दिया है। मौके पर मौजूद किसानों ने कहा कि हमारे नेताओं ने शनिवार को कृषि मंत्री और रक्षा मंत्री से मुलाकात की। सरकार ने कहा है कि वह हमारी मांगे मानेगी इसलिए हमने सड़क खोली है। मालूम हो कि नोएडा-दिल्ली का चिल्ला बार्डर पिछले 12 दिन से धरना प्रदर्शन के कारण बंद था। हालांकि सिघु बॉर्डर पर मौजूद किसान अभी भी कृषि कानूनों की वापसी की मांग पर अड़े हुए हैं। पढ़ें पूरी रिपोर्ट- अब दिल?ली आने-जाने वालों को होगी आसानी

### जयपुर-दिल्ली सड़क करेंगे जाम

वहीं किसानों के एक अलग गुट के नेता कमल प्रीत सिंह पन्नू ने कहा कि सभी किसान संगठनों के प्रतिनिधि और अध्यक्ष मंच पर 14 तारीख को अनशन पर बैठेंगे। हम अपनी माताओं और बहनों से भी इस आंदोलन में शामिल होने की अपील करते हैं। कल रविवार को 11 बजे जयपुर-दिल्ली सड़क को जाम करने के लिए हजारों किसान 'दिल्ली चलो' ट्रैक्टर मार्च करेंगे।

### बंद करेंगे पलवल-जयपुर रोड

वहीं दिल्ली बुराड़ी निरंकारी ग्राउंड से राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अखिल भारतीय महासभा प्रेम सिंह गहलावत ने कहा कि पलवल और जयपुर रोड को जयपुर से आए संगठन बंद करेंगे। किसान अंबानी और अडानी के माल पर भी धरना देंगे। सभी किसानों ने जिओ सिम और जिओ फोन का बहिष्कार किया है। उन्होंने कहा कि किसान हरियाणा के टोल नाके फ्री कराएंगे।

### हनुमान बेनीवाल बोले, ...तो कृषि बिल फाड़ देता

वहीं दूसरी ओर एनडीए की सहयोगी राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के प्रमुख हनुमान बेनीवाल ने कहा कि किसान विरोधी तीन बिल जिस दिन लोकसभा में आए अगर मैं उस दिन लोकसभा में होता तो निश्चित रूप से जिस तरह से अकाली दल ने विरोध किया हनुमान बेनीवाल एनडीए का पार्ट होते हुए भी इन बिलों का विरोध करता और लोकसभा के अंदर बिलों को फाड़कर फेंक देता। मैं प्रण लेता हूं कि बिना किसी लोभ-लालच के किसानों के लिए अगर मुझे संसद की सदस्यता से इस्तीफा भी देना पड़ा तो वह भी दूंगा।

### आंदोलन तेज होता देख बढ़ाई गई सुरक्षा

किसानों के तेज होते विरोध प्रदर्शन को देखते हुए उत्तर प्रदेश में टोल प्लाजा नाकों पर सुरक्षा बल तैनात कर दिए गए हैं। यही नहीं सिघू बॉर्डर पर भी सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। उत्तर प्रदेश के एडीजी कानून व्यवस्था ने कहा है कि अभी तक किसानों का आंदोलन शांतिपूर्ण रहा है लेकिन शरारती तत्व अव्यवस्था न फैलाए इसलिए कड़ी नजर रखी जा रही है।

### बिहार में भाजपा करेगी जागरूकता रैलियां

उधर बिहार भाजपा अध्यक्ष संजय जायसवाल ने कहा कि पार्टी ने तय किया है कि हम तीनों कानूनों के समर्थन में पूरे बिहार में रैलियां करेंगे। हम 38 ज़िलों में बड़ी किसानों की रैली और सम्मेलन करेंगे। 243 विधानसभा क्षेत्रों में किसान चौपाल लगाएंगे। इसकी शुरूआत शनिवार को बख्तियारपुर से मैं और केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद करेंगे। समापन 25 दिसंबर को माननीय अटल बिहारी वाजपेयी जी के सुशासन दिवस के दिन होगा...

### हरियाणा के किसानों से मिले कृषि मंत्री

वहीं हरियाणा के एक किसान प्रतिनिधिमंडल ने कृषि भवन में केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर से मुलाकात की। मालूम हो कि कृषि मंत्री पहले ही साफ कर चुके हैं कि कृषि कानून वापस नहीं लिए जाएंगे। किसानों को जिन बिंदुओं पर आपत्ति है उस पर संशोधन के लिए बातचीत हो सकती है। बीते दिनों सरकार की ओर से आपत्ति वाले बिंदुओं पर एक प्रस्ताव भी किसान नेताओं के पास भेजा गया था जिसे उन्होंने ठुकरा दिया था।

### गोयल बोले, किसान आंदोलन अब किसानों का नहीं रहा

केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने शनिवार को कहा कि आंदोलन अब किसानों का नहीं रह गया है। इसमें वामपंथी और माओवादी तत्वों की घुसपैठ हो गई है। कृषि सुधारों को पटरी से उतारने की कोशिश की जा रही है। किसानों के मंच से ऐसे लोगों को रिहा करने की मांगें हो रही है जिन पर गंभीर आरोप हैं। यह आंदोलन में घुसपैठ को दिखाता है।

### रक्षा मंत्री से मिले चौटाला

इस बीच हरियाणा में भाजपा के साथ मिलकर सरकार चला रहे दुष्यंत चौटाला ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात की। इससे सियासी सरगर्मी बढ़ गई है। बैठक के बाद उन्होंने कहा कि मुझे उम्मीद है कि केंद्र और किसान संगठनों के बीच आपसी सहमति से मसले का हल निकल जाएगा। मैं अगले 24 से 40 घंटे के लिए आशान्वित हूं। बातचीत का एक और दौर होगा और कुछ निर्णायक नतीजे निकल सकते हैं।

### पीएम मोदी बोले- किसानों के हित के लिए प्रतिबद्ध

उधर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शानिवार को भरोसा दिया कि नीति और नीयत से सरकार किसानों का हित करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। मौजूदा नीतियां, ग्रामीण कृषि आधारित अर्थव्यवस्था विकसित करने के लिए बहुत अनुकूल हैं। कृषि क्षेत्र और इससे जुड़े अन्य सेक्टर के बीच की दीवारों को हटाया जा रहा है। इन सुधारों के बाद किसानों को नए बाजार, नए विकल्प और तकनीक का ज्यादा लाभ मिलेगा। इससे कृषि क्षेत्र में निवेश भी बढ़ेगा।

# इलाहाबाद हाई कोर्ट ने बिना भेदभाव स्कूल-कॉलेजों में मास्क पहनने की नियमित निगरानी का दिया निर्देश

**इलाहाबाद हाई कोर्ट ने कहा है कि युवा पीढ़ी कोविड गाइडलाइन का पालन करे सभी मास्क पहने इसकी कड़ी निगरानी की जाए।**



**प्रयागराज, जेएनएन।** इलाहाबाद हाई कोर्ट ने सभी जिला प्रशासन को बिना भेदभाव सरकारी और प्राइवेट स्कूलों और कॉलेजों का नियमित निरीक्षण करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने कहा है कि युवा पीढ़ी कोविड गाइडलाइन का पालन करे, सभी मास्क पहने, इसकी कड़ी निगरानी की जाए। कोर्ट ने प्रयागराज विकास प्राधिकरण को सार्वजनिक व नगर निगम की जमीन पर अवैध रूप से बने पूजा स्थलों को हटाने का निर्देश दिया है। इस कार्य में शिथिलता की आलोचना की है और अगली तारीख पर कार्रवाई रिपोर्ट मांगी है।

कोरोना संक्रमण व पा?कग मामले की सुनवाई कर रही न्यायमूर्ति सिद्धार्थ वर्मा व न्यायमूर्ति अजित कुमार की खंडपीठ ने पुलिसिंग के कारण प्रयागराज में संक्रमण की संख्या में लगातार गिरावट की तारीफ की। वहीं, लखनऊ, गाजियाबाद, गौतमबुद्ध नगर व मेरठ में संक्रमण की बढ़ती संख्या पर पुलिस बल बढ़ाने का आदेश दिया और अपर महाधिवक्ता मनीष गोयल से इन जिलों में तैनात पुलिस के नाम की सूची के साथ हलफनामा मांगा है।

तैनात पुलिसकर्मियों का नाम सहित ब्योरा मांगा : लखनऊ के पुलिस कमिश्नर व जिलाधिकारी, गौतमबुद्ध नगर के पुलिस कमिश्नर व मेरठ के एसएसपी ने हलफनामे दाखिल किए हैं। लखनऊ में प्रतिदिन 300 संक्रमित मिलने की जानकारी दी और बताया कि दो किलोमीटर के फासले पर दो पुलिस कांस्टेबल तैनात किये गए हैं। संक्रमण प्रभावित लोगों की बढ़ती संख्या को देखते कोर्ट ने 100 फीसद मास्क पहनने की कड़ी निगरानी बढ़ाने का आदेश दिया। कोर्ट ने कहा कि ट्रैकिंग ठीक से नहीं हो रही है। इसलिए तैनात पुलिसकर्मियों का नाम सहित ब्योरा दिया जाए। कोर्ट ने खुले में खाद्य पदार्थों की बिक्री पर सख्ती करने व खाने की सामग्री पैकिंग कर बेचने का निर्देश दिया है।

माघ मेले की सुरक्षा उपायों की रिपोर्ट तलब : जनवरी फरवरी 2021 में प्रयागराज में होने जा रहे माघ मेले की सुरक्षा खासकर स्नान की सुरक्षा उपायों पर राज्य सरकार से जानकारी मांगी है। स्वरूपरानी नेहरू अस्पताल में कोविड मरीजों के लिए दूसरा गेट बनाने के फंड रिलीज होने तथा निर्माण कार्य यूपी प्रोजेक्ट कार्पोरेशन लिमिटेड लखनऊ को सौंपे जाने की अपर महाधिवक्ता ने जानकारी दी। कहा कि एक माह में निर्माण पूरा होने की उम्मीद है। कोर्ट ने कहा कि निर्माण मे देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कोर्ट ने एएसजीआइ शशिप्रकाश से कोरोना वैक्सीन के बारे मे जानकारी मांगी है।

राज्य सरकार को कार्रवाई का निर्देश : कोरोना संक्रमण से हेल्थ वर्करों और डॉक्टरों को मास्क व पीपीई किट न उपलब्ध कराने के मुद्दे पर राज्य सरकार को इन्हें उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने कानपुर रोड, सुलेमसराय, नीम सराय, कसारी मसारी कालिंदीपुरम से पीडीए को अतिक्रमण हटाने और मरम्मत सहित सुविधाएं उपलब्ध कराने और नगर निगम को स्ट्रीट लाइट लगाने का निर्देश दिया है व अगली सुनवाई के दिन 17 दिसंबर को पीडीए के उपाध्यक्ष व नगर आयुक्त को हाजिर रहने को कहा है। नगर निगम ने बताया कि मास्टर प्लान के मुताबिक बने टायलेट ही रखे जाएंगे। सुलभ शौचालय से अवैध कब्जे हटाकर उनकी उपयोग सुनिश्चित करने का कदम उठाया जाएगा। कोर्ट ने नगर निगम की फंड की कमी दूर करने के लिए राज्य सरकार को धारा 138ए के तहत धन मुहैया कराने का निर्देश दिया है।

# सीमा पर तनाव बढाकर चीन खो रहा भारत के लोगों की सद्भावना : जयशंकर

**नई दिल्ली ([एजेंसी)]।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने शनिवार को कहा कि पूर्वी लद्दाख में सीमा पर चीन के साथ सात महीने से जारी तनाव में भारत का इम्तिहान लिया जा रहा है, लेकिन देश राष्ट्रीय सुरक्षा चुनौतियों का मुकाबला करेगा। वास्तविक नियंत्रण रेखा ([एलएसी)] पर घटनाओं को बेहद परेशान करने वाली बताते हुए उन्होंने कहा कि जो कुछ हुआ वह चीन के हित में नहीं है क्योंकि इनसे भारत में उसके प्रति वह सद्भावना खोने की संभावना है जो हालिया दशकों में सावधानीपूर्वक विकसित की गई थी।

इन संबंधों को विकसित करने में दोनों ओर से काफी मेहनत की गई थी। विदेश मंत्री ने कहा कि इन घटनाओं ने कुछ बेहद बुनियादी चिंताओं को उठाया है क्योंकि दूसरे पक्ष ने एलएसी का सम्मान करने और वहां सेना नहीं ले जाने संबंधी समझौतों का पालन नहीं किया।

फिक्की की वाषिर्षक आमसभा में एक संवाद सत्र में हिस्सा लेते हुए विदेश मंत्री ने चीन के साथ गतिरोध के समाधान के लिए कोई पूवार्नुमान लगाने से इन्कार कर दिया। जयशंकर ने कहा, 'मैं यह भी मानता हूं कि जो कुछ हुआ है वह वास्तव में चीन के हित में नहीं है। उसने जो कुछ किया है उसने लोगों ([भारत के)] की भावनाओं पर खासा असर डाला है। पेशेवर रूप से मैंने उस बदलते दौर को देखा है कि भारत के लोग पिछले कई दशकों के दौरान चीन के बारे में कैसा महसूस करते रहे हैं और मेरी उम्र इतनी है कि उन कहीं ज्यादा कठिन दिनों को याद कर सकूं, खासकर मेरे बचपन और किशोरावस्था के समय को।'

# रेलवे रिश्वत कांड में काले धन को वैध बनाने की हुई कोशिश, ईडी ने अदालत में दाखिल किया आरोप पत्र




**नई दिल्ली, आइएएनएस।** 2013 में हुए रेलवे रिश्वत कांड के आरोपियों ने गुनाह पर पर्दा डालने के लिए काले धन को कई कंपनियों में लगाते हुए प्रदर्शित करने की कोशिश की कि कमाई निवेशित धनराशि से हुई है। यह बात प्रवर्तन निदेशालय (एऊ) ने अपनी जांच में पाई है। ईडी ने इसका जिक्र मामले में दाखिल आरोप पत्र में किया है। रेलवे का यह रिश्वत कांड मलाईदार पदों पर स्थानांतरणों के लिए हुआ था।

आरोप पत्र में रेलवे के उच्च अधिकारी महेश कुमार, तत्कालीन रेल मंत्री पवन कुमार बंसल के भतीजे विजय सिंगला, एन. मंजूनाथ, संदीप गोयल, अजय गर्ग, संधीर, सुशील डागा, सीवी वेणुगोपाल, एमवी मुरली कृष्ण और वेंकटेश्वरा रेल निर्माण प्राइवेट लिमिटेड के नाम हैं।

इन सभी पर प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉड्रिंग एक्ट के तहत मामले हैं। इन लोगों पर अवैध कमाई का धन गलत तरीके से देश से बाहर भेजने का आरोप है। आरोप पत्र में इन सभी को दंडित किए जाने और इनकी संपत्ति जब्त करने के लिए आदेश देने की मांग की गई है। ईडी का मामला सीबीआइ द्वारा दर्ज एफआइआर पर आधारित है। सीबीआइ मामले में पहले ही महेश कुमार, सिंगला, गोयल और सात अन्य आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल कर चुकी है। मामले में महेश कुमार से गोयल को रेलवे बोर्ड का मेंबर (इलेक्ट्रिकल) बनाने के लिए सौदेबाजी हुई थी। यह सौदेबाजी दिल्ली और मुंबई के पंचतारा होटलों में हुई थी।

## कर्नाटक के नरसापुरा में वेतन को लेकर कर्मचारियों ने आइफोन प्लांट में की तोड़फोड़

**कोलार, आइएएनएस।** कर्नाटक के नरसापुरा में ताइवानी टेक कंपनी विस्ट्रान कारपोरेशन के आइफोन निर्माण प्लांट में कर्मचारियों ने बकाया वेतन को लेकर जमकर तोड़फोड़ की। कोलार के नरसापुरा औद्योगिक क्षेत्र में 43 एकड़ में आइफोन प्लांट स्थापित है। रात की पाली समाप्त होने के बाद करीब दो हजार उत्तेजित कर्मचारियों ने तोड़फोड़ शुरू कर दी। फर्नीचरों, एसेंबली यूनिटों को तोड़ डाला। यहां तक कि वाहनों में आग लगाने की कोशिश भी की। कोलार जिले से अतिरिक्त पुलिसकर्मियों के साथ वरिष्ठ पुलिस अधिकारी प्लांट पहुंचे। तोड़फोड़ के दौरान कुछ कर्मचारियों द्वारा शूट वीडियो में अगुआई करने वालों को शीशे के पैनल और दरवाजे तोड़ते देखा गया है। कारों को पलटने के अलावा कर्मचारियों ने अधिकारियों के कार्यालयों पर भी धावा बोला। कंपनी ने अभी तक इस संबंध में कोई भी बयान जारी नहीं किया है। करीब 2900 करोड़ रुपये निवेश और 10,000 लोगों को रोजगार देने के आश्वासन के बाद राज्य सरकार ने विस्ट्रान को 43 एकड़ जमीन आवंटित की थी। प्लांट का इस्तेमाल एपल स्मार्टफोन आइफोन एसई, इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आइओटी) उत्पाद और बायोटेक डिवाइस बनाने के लिए होता है। बता दें कि कोलार जिले के नरसापुरा औद्योगिक क्षेत्र में 43 एकड़ में स्थापित आईफोन प्लांट बेंगलुरु से लगभग 60 किमी दूर है। राज्य सरकार ने कंपनी को नरसापुरा में 43 एकड़ जमीन आवंटित की है। तोड़फोड़ को लेकर सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार प्लांट में काम करने वाले कर्मचारी इसलिए क्रोधित थे, क्योंकि ज्वाइंनिंग के समय जितनी राशि देने के वादा किया गया था, उतनी राशि वे नहीं दे रहे थे। पुलिस ने कहा कि इंजीनियर ग्रेजुएट को 21,000 रुपये देने का वादा किया गया था। लेकिन लॉकडाउन की वजह से 16,000 दिया जा रहा था और हाल के दिनों में इसी कारण इसे और घटाकर 12,000 कर दिया गया था।

# वैश्विक जलवायु सम्मेलन में पीएम मोदी बोले- पेरिस समझौते के लक्ष्यों को हासिल करने की दिशा में तेजी से बढ़ रहा भारत

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को पेरिस समझौते के पांच साल पूरे होने के मौके पर संयुक्त राष्ट्र की ओर से आयोजित किए गए वैश्विक जलवायु सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि भारत पेरिस समझौते को हासिल करने के ट्रैक पर है...**




**नई दिल्ली, एजेंसियां।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को पेरिस समझौते के पांच साल पूरे होने के मौके पर संयुक्त राष्ट्र की ओर से आयोजित किए गए वैश्विक जलवायु सम्मेलन को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भारत न केवल पेरिस समझौते के लक्ष्यों को हासिल करने के ट्रैक पर है वरन उम्मीदों से आगे बढ़कर उन पर काम भी कर रहा है। भारत ने साल 2005 के मुकाबले अपनी कार्बन उत्सर्जन तीव्रता को 21 फीसद तक कम किया है।

प्रधानमंत्री ने अपने डिजिटल संबोधन में कहा कि पेरिस समझौते की पांचवीं वर्षगांठ पर आयोजित सम्मेलन क्लाइमेट चेंज के खिलाफ लड़ाई में सबसे महत्वाकांक्षी कदम है। आज हम भविष्य की ओर देख रहे हैं लेकिन हमें अतीत की ओर से नजरें नहीं हटानी चाहिए। हमें न केवल अपनी महत्वाकांक्षाओं को संशोधित करना चाहिए वरन पहले से ही निर्धारित लक्ष्यों के संबंध में अपनी उपलब्धियों की समीक्षा भी जरूर करनी चाहिए।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि साल 2047 में भारत एक आधुनिक, स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में अपने 100 साल मनाएगा। इस ग्रह पर के मेरे सभी निवासियों के लिए मैं आज एक संकल्प लेता हूं। सौ साल का भारत न केवल अपने लक्ष्यों को पूरा करेगा वरन आपकी अपेक्षाओं से भी आगे बढ़ेगा। भारत अपने पेरिस समझौते के लक्ष्यों को हासिल करने की ओर तेजी से बढ़ रहा है। यह इस दिशा में उम्मीद से ज्यादा आगे बढ़ेगा।

पीएम मोदी ने कहा कि हमें न केवल अपनी महत्वाकांक्षाओं को संशोधित करना चाहिए वरन निर्धारित लक्ष्यों पर अपनी उपलब्धियों की समीक्षा भी करनी चाहिए। मौजूदा वक्त में हमारी सौर ऊर्जा क्षमता 2014 में 2.63 गीगा वाट से बढ़कर अब 2020 में 36 गीगा वाट हो गई है। हमारी नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता विश्व में चौथे नंबर पर है। यह साल 2022 से पहले 175 गीगा वॉट हो जाएगी। उधर, जलवायु शिखर सम्मेलन के उद्घाटन भाषण में संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुतेरस ने विश्व के नेताओं से धरती के बढ़ते तापमान को रोकने के लिए उपायों को अमल में लाने के लिए जलवायु आपातकाल की घोषणा करने की गुजारिश की। इस एकदिवसीय वर्चुअल बैठक को दुनिया के कई नेताओं ने संबोधित किया। गुतेरस ने कहा कि इससे कोई इनकार नहीं कर सकता है कि हम एक गंभीर आपात हालात का सामना कर रहे हैं।

पेरिस समझौते के पांच साल पूरे होने के मौके पर आयोजित इस सम्मेलन का मकसद पृथ्वी का तापमान बढ़ाने वाली ग्रीन हाउस गैस के उत्सर्जन में कटौती करने के लिए देशों को प्रेरित करना है। दुनिया में ग्रीन हाउस गैसों का सबसे बड़ा उत्सर्जक चीन है जो 30 फीसद ग्रीन हाउस गैसों का उत्सर्जन करता है। अमेरिका को ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन को 2025 तक 26-28 फीसद तक कम करना था लेकिन अपने आर्थिक हितों को तरजीह देते हुए वह समझौते से अलग हो गया था।

# किसानों को सब्जबाग वाले भाषण नहीं, जनहितैषी शासन चाहिए : कांग्रेस



**नई दिल्ली, प्रेट्र।** कांग्रेस ने शनिवार को केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि किसानों को सब्जबाग वाले भाषण नहीं बल्कि जनहितैषी शासन चाहिए। पार्टी ने सरकार से अनुरोध किया कि वह भीषण ठंड और बरसात में जायज मांगों के लिए धरने पर बैठे अन्नदाताओं से माफी मांगे और उनकी मांगें तत्काल स्वीकार करे। कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता रणदीप सुरजेवाला ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए ट्वीट किया कि पूरा देश आपके सब्जबाग रूपी लॉलीपाप से तंग आ चुका है। किसानों को लच्छेदार भाषण नहीं, जनहितैषी शासन चाहिए और देश के लोगों को सस्ता राशन चाहिए। उन्होंने एक मीडिया रिपोर्ट भी टैग की जिसके मुताबिक नए कृषि कानूनों के खिलाफ पिछले 17 दिनों से आंदोलन के दौरान 11 किसानों की मौत हो चुकी है। इसी मीडिया रिपोर्ट का हवाला देते हुए पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने ट्वीट कर सवाल किया, 'कृषि कानूनों को हटाने के लिए हमारे किसान भाइयों को और कितनी आहूति देनी होगी?' वहीं, सुरजेवाला ने कहा, 'पिछले 17 दिनों 11 किसान भाइयों की शहादत के बावजूद मोदी सरकार का दिल नहीं पसीज रहा। वह अब भी अन्नदाताओं के साथ नहीं, बल्कि अपने धनदाताओं के साथ खड़ी है। देश जानना चाहता है कि राजधर्म बड़ा है या राजहठ।' एक अन्य ट्वीट में उन्होंने आरोप लगाया कि कानूनों का विरोध करने वाले हर व्यक्ति को मोदी सरकार माओवादी और देशद्रोही घोषित कर रही है। अन्य कांग्रेस नेता कपिल सिब्बल ने मोदी पर तंज कसते हुए ट्वीट किया, 'प्रधानमंत्री कहते हैं, कुछ कहिए कुछ सुनिए; 2014 से मोदी जी आपने सब कुछ कहा और कभी भी ना सुना।'

# ग्रामीण अंचल

प्रयागराज रविवार, 13 दिसम्बर, 2020

## संक्षेप समाचार

### असफलताओं के समक्ष कभी भी आत्मसमर्पण न करें : इमरान खान

**करमा।** प्रतिस्पर्धा एवं बेरोजगारी कें इस दौर में छात्र तभी सफलता पा सकते जब उनमें धैर्य, लगन, आत्मविश्वास एवम कड़ी मेहनत के साथ अच्छे गुरुजनों का मार्गदर्शन प्राप्त हों उक्त बातें क्षेत्र कें एक शैक्षिक संस्थान में बतौर मुख्य अतिथि इमरान खान नें विद्यार्थियों कें मार्गदर्शन में व्यक्त किये आगे उन्होने यह भी छात्रों कें प्रोत्साहन में बोलें कि व्यक्ति कें जीवन में भले ही लाखों चुनौतियाँ आएं किन्तु कभी भी अमुक समस्याओं कें सामनें समर्पण करनें कें बजाय डटकर मुकाबला करना चाहिए और ऐसे ही लोग जीवन में सफलता की बुलन्दियों कों स्पर्श करतें हैं आगे उन्होने यह भी कहा कि निःसन्देह वर्ष 2020कोरोना संक्रमण की वजह से शिक्षा समेत विभिन्न क्षेत्रों में प्रतिकूल असर रहा हों किन्तु नया वर्ष बहुत ही अनुकूल एवम अवसरों से भरा होगा आगे श्री खान नें दरोगा, लेखपाल इत्यादि प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करनें कें विभिन्न बारीकियों कों भी साझा किये साथ ही उन्होने सामान्य अध्ययन, अर्थशास्त्र, रिजनिंग, हिन्दी इत्यादि विषयों कों किस प्रकार रोचक तरीके से पढ़ाई की जाएं ।

# अनियंत्रित कार खड़े ट्रक में भिड़ी, पुरोहित की मौत, चार घायल

**घूरपुर।** शादी सम्पन्न करा कर वापस लौट रहे दूल्हे के पिता ,मामा व एक मासूम दुर्घटना में गम्भीर रूप से घायल हो गए ।वहीं कार में आगे की सीट पर बैठे पुरोहित युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई । घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा और पुरोहित के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है ।

घूरपुर थाना क्षेत्र के पचखरा गांव निवासी गौरीशंकर तिवारी के बेटे दीपेंद्र तिवारी उर्फ दीपू की 11 दिसम्बर दिन शुक्रवार को शादी थी ।बारात धूमनगंज के नीवा गांव गई थी । शनिवार की सुबह शादी सम्पन्न कराने के बाद दूल्हे के पिता गौरीशंकर तिवारी ,दूल्हे का भतीजा मासूम रचित तिवारी (12) पुत्र रविन्द्र तिवारी व लालापुर निवासी पुरोहित उत्कर्ष त्रिपाठी (21)पुत्र विनोद त्रिपाठी दूल्हे के मामा पचखरा गांव निवासी विश्वम्भर नाथ द्विवेदी की वैगनआर कार पर सवार होकर घर के लिए निकले थे । कार अभी घूरपुर के इरादतगंज बाजार को पार की थी कि अचानक कार के सामने एक वृद्ध साइकिल सवार आ गया। जिसे टक्कर मारने के बाद कार बेकाबू हो गई और खड़े ट्रक में पीछे से टकरा गई । जिससे कार की अगली सीट पर बैठे पुरोहित उत्कर्ष त्रिपाठी सहित चालक विश्वम्भर नाथ समेत दूल्हे के पिता गौरीशंकर तिवारी व मासूम रचित बुरी तरह से कार में फंस गए ।मौके पर पहुंची भीड़ व पुलिस ने मसक्कत कर सभी को बाहर निकाला और सभी को जसरा सीएचसी ले गए जहां पुरोहित उत्कर्ष त्रिपाठी को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया और अन्य को गंभीर हालत देखते हुए शहर के लिए रेफर कर दिया । घायल साइकिल सवार घूरपुर थाना के जमोली गांव निवासी बाबादीन (67) का भी इलाज किया जा रहा है ।



हादसे में क्षतिग्रस्त कार का दृश्य व इनसेट में पुरोहित की फाइल फोटो



हादसे में घायल लोगों का चल रहा इलाज

### पुरोहित के घर सूचना पहुंचते ही मचा कोहराम

लालापुर निवासी पुरोहित उत्कर्ष त्रिपाठी के घर जैसे ही घटना की सूचना पहुंची परिजनों में कोहराम मच गया। उत्कर्ष के पिता विनोद व माता व सभी भाइयों का रो रोकर बुरा हाल हो गया ।उत्कर्ष अपने चार भाइयों ब्रजेश त्रिपाठी ,आशीष त्रिपाठी ,देवेंद्र त्रिपाठी में सबसे छोटा था ।जिसके चलते सभी भाई उसे बहुत ही प्यार किया करते थे ।घटना की सूचना मिलते ही पिता विनोद त्रिपाठी का रोते रोते आखे सूख सी गई थी।

### हाईवे की पटरी पर खड़े भारी वाहन बन रहे दुर्घटना के कारण

रीवा हाईवे की पटारियो पर जगह जगह बेवजह घंटो खड़े वाहन दुर्घटनाओं का कारण बन रहे है। घूरपुर क्षेत्र में रोजना हो रहे हादसों के बावजूद प्रशासन पटरी पर खड़े वाहन को हटवाने की पहल नही कर रही है ।जबकि बीते माह घूरपुर में पटरी पर खड़े भारी वाहन के कारण ही दो छात्राओं की मौत हो चुकी है। शनिवार के दिन हुए हादसे में पुरोहित की मौत का कारण भी पटरी पर खड़े वाहन ही फिर कारण बनी। इसी तरह बीते माह ही काटी हाईवे पर भी दो जाने जा चुकी है बावजूद प्रशासन कोई पहल नही कर रही है। यदि इस पर अंकुश नही लगाया गया तो धुंध व कोहरे में इस तरह की हादसों में इजाफा होगा।

# भोपतपुर हाइवे टोल बूथ की चौकसी के लिए पुलिस तैनात



भोपतपुर हाइवे टोल बूथ की चौकसी करती पुलिस फोर्स

**सहसों।** किसान आन्दोलन के चलते किसान संगठनों द्वारा टोल बूथ को बंद कराए जाने के मद्देनजर शनिवार को हंडिया कोखराज के बीच भोपतपुर हाइवे चौराहा स्थित टोल बूथ पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम को लेकर चौकसी में लगी पुलिस फोर्स के साथ उप जिलाधिकारी फूलपुर युवराज सिंहए क्षेत्राधिकारी फूलपुर रामसागर जीए कोतवाली प्रभारी फूलपुर तथा थाना प्रभारी थरवई राकेश चौरसिया ने अपने सिपाहियों के साथ चौकशी में मुस्तैद रहे।

## चोरों ने ट्रांसफार्मर से हजारों रूपए के उपकरण उड़ाए

**नैनी।** कोतवाली क्षेत्र के भंड़रा उमरगंज में बीती रात चोरों ने चलती लाइन को काटकर ट्रांसफार्मर से तेल व हजारों रुपए के उपकरण चोरी कर फरार हो गए। जिससे उक्त गांव की बिजली आपूर्ति ठप हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके वारदात स्थल पर पहुंची और जांच पड़ताल करते हुए वापस लौट आई। जानकारी के मुताबिक रीवा रोड उप केंद्र से जुड़े टीजीडब्लू फीडर के तहत भंड़रा उमरगंज में विघुत विभाग की ओर से एक 400 केवीए का ट्रांसफार्मर लगा हुआ है। जिसके जरिए ग्रामीणों को बिजली मुहैया कराई जाती है। शुक्रवार रात चोर मौका पाते ही चलती लाइन को काटकर अलग कर दिए और ट्रांसफार्मर से तेल व कॉपर समेत अन्य हजारों रूपए के उपकरण चोरी कर फरार हो गए। अवर अभियंता शिवम यादव की तहरीर मिलने पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ नैनी कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज की है।

# बूंदा- बांदी से किसानों में भय का माहौल

**खीरी।** इस समय खेतों ने में धान की फसल तैयार हो चुकी है और सभी जगह कटाई एवं थ्रेसर का काम तेजी से चल रहा है। परंतु पिछले 2 दिनों से मौसम में बदलाव होने के कारण बादल घिर गए हैं जिसके कारण किसानों में भय का माहौल देखने को मिल रहा है। किसान जल्द से जल्द अपनी फसलों को काटकर अनाज को सुरक्षित जगह पर करने के लिए जी जान से मेहनत कर रहा है। किसानों का कहना है कि अगर थोड़ी सी भी बारिश हो गई तो पूरी की पूरी मेहनत खराब हो जाएगी और एक बार फिर से हम लोग बबार्दी की कगार पर पहुंच जाएंगे' क्योंकि हमारे दक्षिणांचल क्षेत्र में धान की फसल सर्वोपरि फसल मानी जाती है और जिस के पैदा होने के बाद किसानों द्वारा नए कार्यों को किया जाता है। और हमारा दक्षिणांचल क्षेत्र संपूर्ण भारत वर्ष में धान के कटोरे के रूप में प्रसिद्ध है' बिगड़े मौसम के मिजाज किसानों द्वारा सभी कार्य बंद करके सर्वोपरि स्थान कटाई एवं अनाज को सुरक्षित जगह पर ले जाने की जुगत में लगे है। वहीं दूसरी ओर व्यापारियों का कहना है कि वैश्विक महामारी के प्रारंभ के समय किसानों द्वारा किसी तरह धान की बुवाई की गई थी और इस वर्ष धान की फसल भी अच्छी हुई है और अगर इस समय थोड़ी सी भी बारिश हुई तो किसान को ही नहीं व्यापारियों को भी बहुत बड़ा नुकसान उठाना पड़ेगा क्योंकि हमारे क्षेत्र में जो भी व्यापार होता है वह किसानों के दम पर ही होता है' जिस वर्ष धान की फसल अच्छी नहीं होती है उस वर्ष व्यापारियों को सीधा नुकसान उठाना पड़ता है।



धान के पसल की मड़ाई करते किसान

## किशोरी लापता, युवक पर रिपोर्ट दर्ज

**नैनी।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली एक किशोरी बीते कुछ दिन पूर्व शौच के लिए घर से निकली हुई थी, लेकिन वह दोबारा लौटकर अपने घर पर नहीं पहुंची। इस बीच परिजनों ने उसकी हर उस स्थान पर खोजबीन की, जहां पर उसके मिलने की उम्मीद थी, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिला। इस दौरान परिजनों को जानकारी हुई कि उनकी पुत्री गांव के ही एक युवक के साथ चली गई है। किशोरी के पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी युवक नन्हा पुत्र सुभाष के खिलाफ नैनी कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस जांच पड़ताल करने में जुटी हुई है।

# संस्थापक के जन्म दिन के अवसर पर उत्कृष्ट छात्रों को किया गया पुरस्कृत



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए

**करछना।** मदन मोहन मालवीय इंटर कॉलेज करछना के संस्थापक पंडित शीतला दीन द्विवेदी के जन्म दिवस पर कक्षा 9 से 12 तक के बच्चों में से जरूरत मंद बच्चों को स्वेटर वितरित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि और विद्यालय के संरक्षक लोकेश द्विवेदी ने खेलकूद में उत्कृष्ट स्थान पाने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया। उन्होंने विद्यालय द्वारा कोविड के दिशनिदेर्शों के अनुपालन किए जाने और बच्चों की अच्छी उपस्थिति पर खुशी जताई। उन्होने कहा कि प्रतिभावान छात्र छात्राओ को शिक्षा के साथ साथ खेलकूद के विभिन्न आयोजनो मे भाग लेकर बच्चो ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते विद्यालय का नाम रोशन किया है ऐसे प्रतिभागी छात्रो को विद्यालय की ओर से समय समय पर पुरस्कृत किया जाता रहेगा जिससे उनके अन्दर खेल की भावना का सचार होता रहे ।प्रधानाचार्य ने संस्थापक को ईश्वर का अवतार बताते हुए आजादी के पूर्व उनके द्वारा किए गए संघर्षों से सीख लेने की प्रेरणा दी ।संचालन राम आशीष सिंह और पुरस्कार सहयोग चक्रधर, योगेन्द्र, राजेश्वर, सतेंद्र ने किया।

## कूड़ा कलेक्शन के लिए सर्वे का काम अंतिम चरण में

**प्रयागराज ।** शहर में डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन के लिए सर्वे का काम अंतिम चरण में चल रहा है। सर्वे के बाद कूड़ा कलेक्शन के लिए चयनित दोनों संस्थाएं अपना काम शुरू कर देंगी। इस काम में दस दिन का समय और लग सकता है। नगर निगम ने डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन के लिए दो एजेंसियों का चयन किया है। शहर को दो भागों में बांटते हुए दोनों एजेंसी कूड़ा उठाने से पहले घरों का सर्वे कर रही हैं। सर्वे में विभिन्न कॉलोनी में घर-घर जाकर रोजाना निकलने वाले कूड़े के बारे में जानकारी प्राप्त की जा रही है। पिछले करीब 25 दिन से सर्वे का काम चल रहा है। नगर स्वास्थ्य अधिकारी उत्तम वर्मा का कहना है कि सर्वे के काम में सभी लोगों को सहयोग करना चाहिए। संबंधित कंपनी को नाम पते के साथ पूरी जानकारी देंगे इसके बाद कंपनी अपना काम शुरू करेगी। सर्वे का काम लगभग अंतिम चरण में है। जल्द ही घर-घर से कूड़ा उठाने का काम शुरू कराया जाएगा।

# मालती देवी सेवा संस्थान महिलाओं को रोजगार से जोड़ने की पहल



शिक्षित महिलाओं व बालिकाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए मदद करते हुए

**करछना।** क्षेत्र के कौवा मे मालती देवी सेवा सस्थान की ओर से महिलाओ को रोजगार से जोड़ने के लिए मदद् को आगे आ रहा है। पढी लिखी शिक्षित महिलाओ को उन्हे स्तः रोजगार से जोडने के लिए सस्थान के डायरेक्टर श्यामबाबू ने महिलाओ को उनके हुनर के अनुसार व्यवसाय से जोड़ने की पहल करते हुए व्यूटी पार्लर खोलने के लिए सामग्री का पूरा सामान उपलब्ध कराया जिसमे नैनी और महेवा तीन महिलाओ मे सीमा कुशवाहा प्रतिभा रत्ना, सीमा निषाद आदि को ब्यूटी पार्लर से जोड़कर रोजगार का अवसर प्रदान करने के लिए साजो सज्जा और सभी मैटेरियल देकर उन्हे स्वावलंबी बनाने की पहल की ।इसी तरह इसके पूर्व भी और महिलाओ को सस्थान द्वारा रोजगार के अवसर प्रदान कर चुका है।

# बदहाली की मार झेलता उप स्वास्थ्य केंद्र, बना विषैले जीवजन्तु का अड्डा

**सिरसा।** विधानसभा मेजा क्षेत्र मे कुर्की कला गांव मे 2013 में बना उप स्वास्थ्य केंद्र बदहाली की मार झेलता चला रहा है। गांव के ही अजीत यादव (मोहित), मुरारी यादव, रवि शंकर, पिन्टू, चिंतामणि, नागेंद्र सिंह, जगदीश, संदीप, लाल साहब, संजय, नन्हे प्रजापति, विशाल, गुड्डू, मुकेश, संतोष, दीपक, मयंक ने बताया कि निर्माण होने के उपरांत स्वास्थ्य विभाग की उदासीनता और ग्राम पंचायत के जिम्मेदार पदों पर आसीन व्यक्तियों की गैर जिम्मेदाराना रवैया के कारण सेवा में नहीं आ पाया। कितनी विडम्बना की सोच है कि 2013 में बना उप स्वास्थ्य केंद्र आज भी अपनी बदहाली की मार झेल रही हैं ।इस प्रोजेक्ट पर सरकार का पैसा कितना खर्च हुवा होगा ओ तो सिर्फ जिम्मेदार अधिकारी जानते होंगे। देखा जाय तो सरकार की राजस्व के बहुत बड़ा नुकसान किया जा रहा है। ग्रामवासियो ने बताया कि आज तक उप स्वास्थ्य केंद्र पर कोई भी डॉक्टर अपनी सर्विस देने में उपस्थित नही हुए। साशन और प्रशासन इस उप स्वस्थ्य केंद्र की जाँच कराए तो बहुत बड़ी घोटाला सामने आ सकतें है।



वर्तमान स्थिति में यह उपस्वास्थ्य केंद्र जीव जंतुओं का अड्डा बना है यहां लगे खिड़की दरवाजे क्षतिग्रस्त और गायब हो चुके हैं। मेजा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अंतर्गत आने वाला यह उप स्वास्थ्य केंद्र पुनः जीर्णोद्धार की राह देख रहा है। जिसकी उम्मीद सभी ग्राम वासियों ने लगा रखी है। ग्रामवासियो की मांग है उत्तर प्रदेश सरकार से स्वस्थ्य उप केंद्र को चालू किया जाय और लोगो को चिकित्सा मुहैया हो।

# आईटीआई कंपनी के उत्थान की अपार संभावनाएं : संजय धोत्रे



औद्योगिक क्षेत्र स्थित इंडियन टेलीफोन इंडस्ट्रीज (आईटीआई ) कंपनी का निरीक्षण करते मा0 मंत्री

**नैनी।** केंद्रीय संचार एवं सूचना प्रौद्योगिक राज्य मंत्री संजय धोत्रे ने शनिवार को औद्योगिक क्षेत्र स्थित इंडियन टेलीफोन इंडस्ट्रीज (आईटीआई ) कंपनी का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि यहां पर पिछले साल से चल रहे सोलर सिस्टम के कार्य में बहुत सुधार हुआ। पिछले साल की अपेक्षाकृत इस वर्ष ज्यादा बेहतर कार्य हुआ है और आगे भी बेहतर होगा। केंद्रीय मंत्री संजय धोत्रे शनिवार को पूर्वान्ह करीब 11:30 बजे आईटीआई कंपनी परिसर पहुंचे। उन्होंने सबसे पहले प्रोडक्शन विभाग का निरीक्षण किया। उन्होंने वहां बन रहे सोलर सिस्टम के उत्पादन की जानकारी लेते हुए कर्मचारियों की समस्याओं के बारे में जानकारी ली। कंपनी के सभागार में कर्मचारियों और अधिकारियों के साथ बैठक में उन्होंने सोलर सिस्टम के निर्माण में और तेजी लाने पर बल देते हुए कहा कि समय के हिसाब से सभी को अपडेट रखने को कहा। कंपनी को जो काम मिले उसे एकजुटता के साथ पूरा करने का भी आवाहन किया। कंपनी के विधि अधिकारी मृदुल कुमार ने उन्हें कंपनी की गतिविधियों के बारे में बताया। पीआरओ दिनेश कुमार मिश्रा ने मंत्री से सभी अधिकारियों का परिचय कराया।

# प्रयागराज हलचल

प्रयागराज रविवार, 13 दिसम्बर, 2020

## संक्षेप समाचार

### आनलाइन शिक्षा के उपकरणों का प्रयोग सीमित करें विद्यार्थी : श्रीमती द्विवेदी

**करमा ।** वर्तमान समय मे कोरोना संक्रमण की वजह से निःसन्देह पूरे देश की शिक्षा व्यवस्था पर असर पड़ा हैं किन्तु विभिन्न माध्यमों से शिक्षा संचालित हैं वर्तमान समय शिक्षा कों सुचारू रूप से संचालित करनें मे आनलाइन शिक्षा भी एक मजबूत विकल्प कें रूप उभरी हैं जिसका व्यापक पैमाने पर सदुपयोग भी हों रहा हैं उक्त बातें जारी हल्के की राजस्व निरीक्षक श्रीमती प्रतिमा द्विवेदी नें शनिवार कों विभिन्न कालेजों कें प्रबंधक एवम विद्यार्थियों कों सम्बोधित करतें हुए आनलाइन शिक्षा कें अनेकों लाभप्रद बिन्दुओं पर भी डालते हुए आगे श्रीमती द्विवेदी नें यह भी विद्यार्थियों से आग्रह करतें हुए बतौर मुख्य वक्ता कें रूप सुझाव दी कि आनलाइन शिक्षा कें विभिन्न माध्यमों यथा लैपटॉप , कंप्यूटर , मोबाइल फोन का उपयोग बहुत ही सीमित किया जाएं क्योंकि उक्त सामग्रियों कें अत्यधिक प्रयोग से विद्यार्थी विभिन्न प्रकार की बीमारियों सहित मानसिक अवसाद कें शिकार हों रहें हैं । संबोधन कें अन्त मे श्रीमती द्विवेदी नें कोरोना संक्रमण पर किसी भी तरह की लापरवाही न बरतें संबोधन कें दौरान वर्तमान समय में दो गज की दूरी एवम मास्क का पालन आवश्यक हैं ।

## सुबह-सुबह घर में घुसे असलहों से लैस बदमाशों ने की लूटपाट




लूटपाट के बाद बुजुर्ग महिला से पूंछताछ करती पुलिस व जांच पड़ताल करती फोरेंसिक टीम

**प्रयागराज।** सर्दियों में चोरी की घटनाएं ज्यादा होती हैं मगर प्रयागराज में बदमाशों ने शनिवार की सर्द सुबह एक घर में लूटपाट कर डाली। असलहों से लैस बदमाशों ने शहर के ममफोर्डगंज इलाके में सुबह घर में दाखिल होने के बाद बुजुर्ग दंपती को तमंचा सटाकर बंधक बनाने के बाद मनमाने ढंग से लूट की। सभी आलमारियों और बक्सों-अटैची को खंगाल डाला। दोपहर में किसी तरह लोगों को पता चला तो पुलिस को इस सनसनीखेज घटना की खबर दी गई।

शनिवार सुबह हुई इस संगीन वारदात की पड़ोसियों को भनक तक नहीं लग सकी थी। बदमाशों ने घर में घुसने के बाद पति-पत्नी को असलहों के दम पर धमकी देकर बंधक बना लिया था। विरोध पर बुजुर्ग महिला पर हमला भी किया जिससे उन्हें चोट पहुंची। इसके बाद पूरे घर को खंगाल डाला। आलमारियों और दीवान समेत अन्य स्थानों से सभी सामान बाहर निकालकर तलाशी ली। गहने, नगदी समेत अन्य कीमती सामान लूटकर बदमाश फरार हो गए। दोपहर में जब पुलिस को घटना की जानकारी मिली तो खलबली मच गई। घर में लूटपाट की सूचना पर एसपी पुलिस बल के साथ पहुंच गए।

फोरेंसिक टीम को भी घर में बुलाकर जांच की गई। पुलिस का मानना है कि बदमाश आसपास के ही इलाके के हैं इसीलिए उन्हें घर के बारे में सब पता था। क्राइम ब्रांच को भी धरपकड़ में लगा दिया गया है। शहर में ऐसी वारदातें पहले भी होती रही हैं लेकिन हाल फिलहाल इस तरह से घर में घुसकर लूटपाट का यह ताजा मामला है जिससे पुलिस भी स्तब्ध है। अब आसपास के घरों में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज देखी जा रही है।

## एआरटीओ और पुलिस की मौजूदगी से एनएच-30 पर पसर गया सन्नाटा, ओवरलोडिंग के खिलाफ चला अभियान




ओवरलोडिंग के खिलाफ अभियान चलाती पुलिस व पसरा सन्नाटा

**शंकरगढ़।** सड़कों पर ओवरलोडिंग के खिलाफ संभागीय परिवहन विभाग के साथ पुलिस विभाग ने सघन अभियान चलाया। राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 30 पर एआरटीओ और पुलिस बल द्वारा की जा रही जांच और मौजूदगी की भनक लगते ही ओवरलोड फरार्टा भरने वाले वाहन सडकों से जैसे गायब हो गए। हालांकि इस दौरान बड़े पैमाने पर मालवाहकों की जांच की गई। परिवहन विभाग और शंकरगढ पुलिस ने ओवरलोड वाहनों के खिलाफ अभियान चलाकर गन्ने टोल प्लाजा से लेकर चौकठा बार्डर तक भारी मालवाहनों जांच कर कार्रवाई की। इसे लेकर ट्रक आपरेटरों में हडकंप मच गया। थाना प्रभारी शंकरगढ़ राजेश उपाध्याय व चौकी प्रभारी नारीबारी मनीष त्रिपाठी ने शीर्ष अधिकारियों के निर्देश पर दर्जनों भारी वाहनों को रोक कर एआरटीओ भूपेश गुप्ता को जानकारी दी। मौके पर एआरटीओ भूपेश गुप्ता ने पहुंचकर वाहनों के कागजात चेक कर एक ओवरलोड वाहन को सीज कर शेष गाडि?ं के कागजात देखकर छोड़ दिया। इसी तरह एक गुरूवार की रात में भी एआरटीओ के ओवरलोड वाहनों की जांच की थी, जिससे ओवरलोड वाहन इधर-उधर भागते नजर आए। दो दिनों से लगातार ओवरलोड वाहनों की जांच, ओवरलोडिंग करने वालों में खासा हडकंप मचा हुआ है। बताते चलें कि एनएच पर बड़े पैमाने पर की जा रही ओवरलोडिंग से सडक की हालत अभी से ही खराब होने लगी है। राष्ट्रीय राजमार्ग 30 के कई हिस्से में गड्ढे बन गए हैं।

## असलहा की दुकान में चोरी का नहीं लगा सुराग, तहरीर पर केस दर्ज




दुकान में असलहा की जांच करती पुलिस व फिंगरप्रिंट कसाब जुटाती फॉरेंसिक टीम

**लालगोपालगंज चोरी मामले में नवाबगंज पुलिस समेत डॉग स्क्वायड, एसओजी, क्राइम ब्रांच और सर्विलांस सेल की जुटी हैं टीमें।**

**तीन डीबीबीएल बंदूक और पांच रिवाल्वर समेत 610 कारतूस की चोरी का है मामला।**

**लालगोपालगंज।** बुधवार की रात कस्बा के एक असलहा की दुकान में अज्ञात चोरों ने सेंध लगा दी थी। मामले का खुलासा करने के लिए कई जांच टीमें लगाई गई हैं। घटना की तह तक जाने के लिए लगातार पूछताछ जारी है। एक युवक को हिरासत में लेकर पुलिस ने पूछताछ की। संदिग्धों पर पुलिस और जांच टीम की लगातार निगाहें टिकी हैं। दुकान के स्टॉक रजिस्टर को फिलहाल पुलिस ने अपने कब्जे में रखा है।

कस्बा के राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित तिराहे पर सुशीला गन हाउस के नाम से असलहा की एक दुकान है। जिसमें अज्ञात चोरों ने बुधवार की रात सेंध लगा दी थी। दुकान से असलहा और कारतूस समेत अन्य सामानों के चोरी होने का पता न लगने पर गुरुवार को व्यापारी थाने में किसी भी प्रकार की कोई तहरीर नहीं दी थी। वारदात को अंजाम देने वाले बदमाशों का सुराग लगाने के लिए फॉरेंसिक टीम, डॉग स्क्वायड, एसओजी समेत एसपी गंगापार स्थल पर पहुंचे थे। घटना में संदिग्ध मानते हुए एक युवक को नवाबगंज पुलिस ने अपनी हिरासत में लेकर पूछताछ कर उसे छोड़ दिया। घटना का अभी तक कोई सुराग नहीं लग सका। शुक्रवार को मेसर्स सुशीला देवी के पति लालजी यादव को स्टॉक रजिस्टर लेकर नवाबगंज थाना तलब किया गया। जहां एसपी गंगापार धवल जयसवाल ने विभिन्न मुद्दों पर उनसे बात की। सर्विलांस सेल की टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर जांच पड़ताल किया। दुकान के स्टॉक से तीन डीबीबीएल बंदूक, पांच रिवाल्वर और एक राइफल समेत 610 कारतूस चोरी किए जाने का आरोप है। सुशीला देवी की तहरीर पर नवाबगंज थाना में अज्ञात चोरों के विरुद्ध केस दर्ज कर लिया गया। इंचार्ज थाना प्रभारी नवाबगंज सोहराब ने बताया कि तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर लिया गया है मामले का खुलासा करने के लिए जांच टीम लगी है। स्थानीय इंचार्ज चौकी प्रभारी विवेक राय ने बताया कि चोरी मामले में जांच की जा रही है। मामले का जल्द ही खुलासा हो जाएगा।

### कुछ इस तरह चोरी हुए असलहे

प्रतापगढ़ जनपद के नरसिंहपुर गांव निवासी नरसिंह बहादुर पुत्र भानु प्रताप सिंह ने 32 बोर का एक रिवाल्वर, मलाका राजापुर हथिगवां के राम शिरोमणि तिवारी पुत्र राम कैलाश तिवारी ने 32 बोर की रिवाल्वर, सुरेश कुमार पुत्र दयाराम मस्तापुर हथिगवां कुंडा ने 32 बोर की रिवाल्वर, अब्दुल रहीम बिहरिया थाना हथिगवां ने 32 बोर की एक रिवाल्वर जमा किया था। इसी प्रकार मृतक राम सुमेर यादव पुत्र महारानी ग्राम मोरहूं थाना सोरांव की 32 बोर की रिवाल्वर जमा थी। इमरान अहमद पुत्र मोहम्मद अयूब निवासी मुबारकपुर थाना नवाबगंज प्रयागराज ने 315 बोर की एक राइफल जमा किया था। इसके अतिरिक्त दुकान के स्टॉक से तीन पीस डीबीबीएल बंदूक पर बदमाशों ने हाथ साफ कर दिया।

### किस प्रकार की कितनी चोरी हुई कारतूस

315 बोर रायफल की 160, 12 बोर बंदूक की 190, 32 बोर रिवाल्वर की 130 और 32 बोर पिस्टल की 130 कारतूस को पार करने में अज्ञात चोर पूरी तरह से कामयाब रहे। नौ असलहा समेत 610 कारतूस को बरामद करने के साथ ही बदमाशों का सुराग लगाने में जांच टीम और पुलिस जुटी है।

### सर्विलांस सेल की सक्रिय रही टीम

चोरी का पदार्फाश करने के लिए घटना के दूसरे दिन सर्विलांस सेल की गठित टीम घटनास्थल पर पहुंच गई। घटना के दिन दुकान के आसपस के नेटवर्क से जुड़े सक्रिय मोबाइल की तफ्तीश में जुटे रहे।

### चोरी की उलझी गुत्थी का नहीं बरामद हुआ कोई नतीजा

चोरी की वारदात को अंजाम देने के दो दिन करने के बाद भी कोई नतीजा बरामद नहीं हुआ। जांच टीम समेत स्थानीय पुलिस बदमाशों तक पहुंचने के लिए हर तरह का हथकंडा अपना रही है। परंतु अभी तक नाकामी ही हाथ लगी है। चोर, चोरी और चोरी का मामला एक उलझी गुत्थी बनकर रह गया है।

## उमरे की 'फिट इंडिया' अभियान में सक्रिय सहभागिता




फिट इंडिया अभियान में शामिल लोग

**प्रयागराज।** उत्तर मध्य रेलवे भारत सरकार के युवा मामले और खेल मंत्रालय द्वारा शुरू किए गए फिट इंडिया अभियान में सक्रिय रूप से भाग ले रहा है। पूरे देश में फिटनेस को बढ़ावा देने के लिए दिसंबर 2020 के दौरान इस अभियान के तहत कई फिटनेस से संबंधित कई कार्यक्रम आयोजित करने की योजना बनाई गई है।

शनिवार को उत्तर मध्य रेलवे स्पोर्ट्स एसोसिएशन द्वारा रेलगांव, सूबेदारगंज स्टेडियम में एक फिटनेस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अध्यक्ष, उत्तर मध्य रेलवे स्पोर्ट्स एसोसिएशन और प्रधान मुख्य इंजीनियर शरद मेहता ने इस अवसर पर सभी प्रतिभागियों को फिटनेस की आवश्यकता के बारे में बताया और इस महत्वपूर्ण पहल के बारे में जानकारी दी। । फिट इंडिया थैमैटिक कैंपेन फिटनेस का डोज अधा घांटा रोज के तहत उत्तर मध्य रेलवे के विशेषज्ञ कोचों द्वारा उत्तर मध्य रेलवे के कर्मियों और उनके परिवारजनों के प्रयोग के लिए रनिंग, वॉकिंग और स्ट्रेचिंग सहित फिटनेस एक्सरसाइज का एक कार्यक्रम तैयार किया गया है। उपस्थित सभी अधिकारियों, कर्मचारियों और उनके परिवार के सदस्यों को विशेषज्ञ कोचों के मार्गनिर्देशन में इन अभ्यासों को कराया गया। श्री शरद मेहता ने कोचों को अधिकारियों, कर्मचारियों के परिवार के सदस्यों का मार्गदर्शन करना जारी रखने का निर्देश दिया और उपस्थित सभी रेलकर्मियों को इन फिटनेस गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया।

इस आयोजन में अजय माथुर प्रधान वित्त सलाहकार और नवीन कुमार सिन्हा वरिष्ठ उप-महाप्रबंधक अन्य विभागों के विभागाध्यक्ष, महासचिव उत्तर मध्य रेलवे स्पोर्ट्स एसोसिएशन अंकुर चंद्रा, संयुक्त सचिव विजय कुमार, विभिन्न खेलों- जिमनास्टिक्स, हॉकी, क्रिकेट, बैडमिंटन, गोल्फ, फुटबॉल के खिलाड़ियों सहित रेलकर्मियों एवं उत्तर मध्य रेलवे खेल संघ के अधिकारियों ने हिस्सा लिया।

फिटनेस को प्रोत्साहित करने के लिए फिट इंडिया अभियान का आयोजन किया जा रहा है। इस अभियान में फिट इंडिया थीमैटिक कैंपेन फिटनेस का डोज अधा घांटा रोज, फिट इंडिया एप के जरिए फिटनेस का आकलन और फिट इंडिया साइक्लोथॉन के माध्यम से रेलवे के कर्मचारियों को जोड़ते हुए संपूर्ण राष्ट्र तक इस कार्यक्रम को पहुंचाया ज रहा है। इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक हिस्सेदारी के लिए रेल कर्मचारियों और उनके परिवार के सदस्यों को प्रोत्साहित किया जा रहा है।

### छह जोड़ी ट्रेनें 31 जनवरी तक रहेंगी निरस्त

**प्रयागराज।** घने कोहरे का असर अब ट्रेन परिचालन पर दिखाई देगा। रेलवे प्रशासन ने छह जोड़ी ट्रेनों को रद्द करने का निर्णय लिया है। सभी ट्रेनें 16 दिसंबर से 31 जनवरी तक निरस्त रहेंगी। इसके अलावा कुछ ट्रेनों के फेरे भी कम किए गए हैं। गोरखपुर जाने वाली चौरीचौरा 16 दिसंबर से 31 जनवरी के बीच कानपुर अनवरगंज से प्रयागराज रामबाग के बीच रद रहेगी। ट्रेन नंबर 02561 जयनगर-नई दिल्ली स्वतंत्रता सेनानी एक्सप्रेस 17, 24, 31 दिसंबर, 7, 14, 21 व 28 जनवरी को और ट्रेन नंबर 02562 नई दिल्ली-जयनगर स्वतंत्रता सेनानी एक्सप्रेस 18, 25 दिसंबर और 01, 08, 15, 22 और 29 जनवरी को अपने प्रारंभिक रेलवे स्टेशन से निरस्त रहेगी। प्रयागराज आने वाली यह ट्रेनें रहेंगी निरस्त- 02449 कामाख्या-आनंद विहार एनई एक्सप्रेस 16 दिसंबर से 31 जनवरी, 05483 अलीपुरद्वार-दिल्ली महानंदा एक्सप्रेस 16 दिसंबर से 31 जनवरी, 02988 अजमेर-सियालदाह एक्सप्रेस 16 दिसंबर से 31 जनवरी, 02987 सियालदाह-अजमेर एक्सप्रेस 17 दिसंबर से एक फरवरी, 02550 आनंद विहार-कामाख्या एनई एक्सप्रेस 18 दिसंबर से दो फरवरी, 05484 दिल्ली-अलीपुरद्वार महानंदा एक्सप्रेस 18 दिसंबर से दो फरवरी।

## सीएमपी डिग्री कॉलेज में डिप्लोमा कोर्स में प्रवेश की अंतिम तिथि 20 तक बढ़ी

**प्रयागराज।** सीएमपी डिग्री कॉलेज, प्रयागराज, के प्राचार्य डॉ. बृजेश कुमार ने बताया है कि सेंटर फॉर स्किल डेवलपमेंट के तहत डिप्लोमा इन मैनेजमेंट एंड एंटरप्रेन्योरशिप, डिप्लोमा इन बैंकिंग एंड फाइनेंस सर्विसेज और डिप्लोमा इन कंप्यूटर हार्डवेयर एंड नेटवर्किंग में प्रवेश की अंतिम तिथि 20 दिसंबर तक बढ़ा दी गई है तथा मेरिट के आधार पर प्रवेश किया जा रहा है जिसके लिए महाविद्यालय में किसी भी प्रकार की प्रवेश परीक्षा नहीं की जाएगी। इसके लिए ऑनलाइन आवेदन स्वीकार किया जा रहा है जिसकी अंतिम तिथि 20 दिसंबर निर्धारित की गई है तथा चयनित विद्यार्थियों की सूची 21 दिसंबर को जारी की जाएगी एवं ऑनलाइन फीस जमा करने की अंतिम तिथि 25 दिसंबर निर्धारित की गई है। कोर्स से संबंधित विस्तृत जानकारी सीएमपी कॉलेज की वेबसाइट एवं कॉलेज के सेंटर फॉर स्किल डेवलपमेंट से प्राप्त की जा सकती है। इसके लिए हेल्पलाइन नंबर 8004836301, 8318775328 हैं।

**अखण्ड भारत संदेश** के लिए स्वामी श्री योगी सत्यम कियायोग आश्रम एवं अनुसंधान सस्थान झूंसी, प्रयागराज 211019 से प्रकाशित एवं रामा प्रिंटिंग प्रेस 53/25/1ए बेली रोड नया कटरा प्रयागराज से मुद्रित।

**मुद्रक/प्रकाशक**

**स्वामी श्री योगी सत्यम**

पी0आर0बी0 एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से संबंधित विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा। आरएनआई नं0: UPHIN2001/9025

## जिला अधिवक्ता संघ के मंत्री का निलंबन निरस्त

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश बार काउंसिल ने राकेश कुमार दुबे एडवोकेट का निलंबन समाप्त कर दिया है। गौरतलब है कि जिला अधिवक्ता संघ के मंत्री राकेश कुमार दुबे के विरुद्ध 22 नवंबर को बार काउंसिल ने वकालत करने के अधिकार को निलंबित कर दिया था। यह आदेश अनुसार बार काउंसिल की अनुशासन समिति में रतन कुमार केसरी बनाम राकेश कुमार दुबे के प्रकरण में दिया गया था। जिसमें कहा गया है कि राकेश कुमार दुबे के द्वारा रिकॉल प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया। विधि की मंशा के अनुरूप वास्तविक न्याय के सिद्धांतों को दृष्टिगत रखते हुए एक पक्षीय आदेश 22 नवंबर 2020 निरस्त किया जाता है। अनुशासन समिति ने अगली तारीख 13 दिसंबर 2020 नियत कर दोनों पक्षों को आदेश दिया है कि अपना अपना पक्ष समिति के समक्ष प्रस्तुत करें।

## नमामि गंगे परियोजना के अंतर्गत गंगा दूतों के साथ अपशिष्ट प्रबंधन जगरूकता कार्यक्रम



लोगों को जागरूक करते हुए

**प्रयागराज।** नेहरू युवा केंद्र,नमामि गंगे परियोजना प्रयागराज के अंतर्गत में गंगा गाँव मलाक हरहर में प्लास्टिक- एक गम्भीर समस्या व उसका समाधान अभियान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संचालन जिला परियोजना अधिकारी एषा सिंह ने किया। परियोजना अधिकारी ने बताया कि पर्यावरण प्रदूषण के लिए प्लास्टिक एक बहुत बड़ा कारण बनकर उभरा है। पॉलिथीन की पन्नियों में लोग कूड़ा भरकर फेंकते हैं। कूड़े के ढेर में खाद्य पदार्थ खोजते हुए पशु पन्नी निगल जाते हैं। ऐसे में पन्नी उनके पेट में चली जाती है। बाद में ये पशु बीमार होकर दम तोड़ देते हैं। प्लास्टिक और पॉलिथीन गाँव से लेकर शहर तक लोगों की सेहत बिगाड़ रहे हैं। शहर का ड्रेनेज सिस्टम अक्सर पॉलिथीन से भरा मिलता है। इसके चलते नालियाँ और नाले जाम हो जाते हैं। इसका प्रयोग तेजी से बढ़ा है। उन्होंने प्लास्टिक के 4फकी रणनीति, रिड्यूस रीयूज रीसाइकिल रिफ्यूज के बारे में विस्तार रूप से चित्रमय चार्ट के माध्यम से बताया कि इसको अपना कर हम जल गुणवत्ता एवं पर्यावरण में सुधार ला सकते हैं । और यह नए उभरते अपशिष्ट की समस्याओं से निपटने के लिए एक तकनीकी विकल्प है। साथ ही इको ब्रिक्स का संकल्पना साझा किया। ईको ब्रिक बनाने के लिए प्लास्टिक की खाली बेकार बोतलों की जरूरत होती है। इन बोतलों में प्लास्टिक वेस्ट भरना होता है और एक बार संकुचित करना होता है। ऐसा करने से एक ठोस उत्पाद तैयार हो जाता है, जो काफी मजबूत होता है। इसके मध्याम से पेड़ का चबूतरा, बेंच व स्टूल आदि तैयार किए जा सकते है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक अभय, युवा मंडल अध्यक्ष व गंगा दूत कृष्णकांत मौर्य की अहम सहभागीता रही। गंगा दूत वीरेंद्र कुमार मौर्य, हिमांशु कुमार, जितेंद्र कुमार, विकास, ऋषभ, अर्पित, अस्तराज, आयुष कुमार मौर्य कार्य कर्म में उत्साह के साथ भागीदारी की वा गंगा को स्वच्छ बनाने का संकल्प लिया।

## संक्षेप समाचार

### परिजनों की डाट पर युवती ने खाया जहरीला पदार्थ हालत गंभीर

**प्रतापगढ़।** पारिवारिक विवाद से नाराज होकर किशोरी ने बीती रात जहरीला पदार्थ खा लिया और थोड़ी देर बाद हालत गंभीर होने पर परिजन उसे आनन-फानन में समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बाबा बेलखरनाथ लेकर गए। जहां पर गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया मामला कंधई थाना क्षेत्र के सरखेल पुर गांव का है।
कंधई थाना क्षेत्र के सरखेलपुर गांव निवासी रामाश्रय की पुत्री रोमी 18 वर्ष शुक्रवार की बीती रात परिजनों द्वारा किसी बात को लेकर डांट पड़ने पर शुब्ध होकर जहरीला पदार्थ खा लिया। और देखते ही देखते उसकी हालत खराब होने लगी यह देख परिजन आनन-फानन में उसे समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बाबा बेलखरनाथ धाम लेकर गए जहां पर इलाज के उपरांत डाक्टरों ने गंभीर हालत को देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जहां पर युवती का इलाज चल रहा है समाचार लिखे जाने तक युवती की हालत गंभीर बनी हुई है।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम में 21 जोड़े विवाह बंधन में बधें

**आयोजित कार्यक्रम में बोलते हुए चायल विधायक संजय गुप्ता ने कहा कि मुख्यमंत्री की यह योजना गरीब एवं असहाय परिवारों के लिए वरदान साबित हो रही है।**

**कौशाम्बी।** मुख्यमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत शनिवार को जनपद के चायल मूरतगंज कौशाम्बी और सिराथू विकास खण्डों में सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस आयोजन में कोविड-19 का पालन करते हुए कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में 21 जोड़े विवाह बंधन में बंधे हैं चायल विधायक संजय गुप्ता की उपस्थिति में विकास खण्ड चायल और मूरतगंज में सामूहिक विवाह कार्यक्रम संपन्न हुआ इन दो ब्लाक में 11 जोड़े विवाह के बंधन में बधें कौशांबी ब्लॉक में 4 जोड़े और सिराथू ब्लॉक में 6 जोड़े विवाह बंधन में बंधे हैं।

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम सम्बन्धित धर्मो के रीति रिवाजों के अनुसार संपन्न हुआ। कौशांबी विकासखंड में आयोजित कार्यक्रम में मंझनपुर विधायक लाल बहादुर मुख्य विकास अधिकारी शशिकान्त त्रिपाठी



नवविवाहित जोड़ों को उपहार भेंट करते हुए

समाज कल्याण अधिकारी सुधीर कुमार मौजूद रहे सिराथू विकासखंड में आयोजित सामूहिक विवाह कार्यक्रम में सिराथू विधायक शीतला प्रसाद पटेल उर्फ पप्पू भाई मौजूद रह कर विवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया जनपद के अन्य अधिकारीगणों एवं अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी विवाह मण्डप में उपस्थित जोड़ो को आशीर्वाद दिया एवं उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

चायल ब्लाक में आयोजित कार्यक्रम में बोलते हुए चायल विधायक संजय गुप्ता ने कहा कि मुख्यमंत्री की यह योजना गरीब एवं असहाय परिवारों के लिए वरदान साबित हो रही है।उन्होंने कहा कि केन्द्र एवं राज्य सरकार गरीब एवं असहाय लोगों के साथ कन्धे से कन्धा मिलाकर खड़ी हुई है। उन्होंने कहा कि सरकार के द्वारा गरीबों के कल्याण के लिए अन्य योजनायें भी संचालित की जा रही है, जिससे गरीब और असहाय व्यक्ति लाभान्वित हो रहे है। इस योजना के लिए उन्होंने मुख्यमंत्री की भूरि-भूरि प्रशंसा की, साथ ही साथ उन्होने जिला प्रशासन के द्वारा मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप सामूहिक विवाह कार्यक्रम के भव्य आयोजन के लिए तारीफ करते हुए बधाई दी।

समाज कल्याण अधिकारी ने मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के बारे में मण्डप में उपस्थित लोगों को विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि इस योजना के अन्तर्गत विवाहित जोड़ों को दाम्पत्य जीवन में खुशहाली एवं गृहस्थी की स्थापना हेतु सहायता राशि के रूप में 35000 (पैतीस हजार) रुपए कन्या के खाते में अंतरित कर दी गयी हैं। उन्होंने कहा कि योजना के अन्तर्गत विवाहित जोड़ों को विवाह संस्कार हेतु आवश्यक सामग्री (कपडे, विछिया, पायल, 07 वर्तन) हेतु 10000 (दस हजार) रुपए खर्च किये जाने का प्रावधान है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विवाहित जोड़े पर शादी समारोह में 6000 (छः हजार) रुपए खर्च करने का प्रावधान है। समाज कल्याण अधिकारी ने कहा कि इस कार्यक्रम के तहत एक जोड़े पर कुल 51000( इक्यावन हजार) रुपए खर्च किये जाने का प्रावधान है।

## राष्ट्रीय लोक अदालत में 2552 वादों का हुआ निस्तारण

**प्रतापगढ़।** जनपद न्यायालय प्रांगण में आज राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष/जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनिल कुमार झा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। जनपद न्यायाधीश ने दीवानी न्यायालय परिसर स्थित सभागार में माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण करके राष्ट्रीय लोक अदालत का उद्घाटन किया गया। इस राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 2552 वादों का निस्तारण किया गया। जिनमें 666 फौजदारी वाद, 50 विद्युत वाद, 03 मोटर दुर्घटना वाद, 09 वैवाहिक वाद, 29 सिविल वाद, 755 बैंक ऋण एवं 05 बीएसएनएल वाद, प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा 1035 वाद का निस्तारण किया गया। फौजदारी वादों में 330445 रुपए का अर्थदण्ड वसूल किया गया, मोटर दुर्घटना क्षतिपूर्ति वादों में रुपए 2430000 का प्रतिकर दिलाया गया, उत्तराधिकार वादों में 13611133.54 रुपए का उत्तराधिकार प्रमाण पत्र जारी किया गया। बैंक वादों में 53713972.01 रुपए का समझौता पत्र जारी हुआ। इस लोक अदालत में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पराविधिक स्वयं सेवकों, पैनल अधिवक्तागण, कर्मचारीगण व बैंकों का सहयोग सराहनीय रहा। कार्यक्रम का संयोजन आकांक्षा मिश्रा सिविल जज सी0डि0/प्रभारी सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने किया।

# एएसपी ने सुनी फरियादियों की समस्यायें, मौके पर किया निस्तारण

**कोखराज कौशाम्बी।** शासन की मंशा के अनुसार फरियादियों को त्वरित न्याय मिले थाना समाधान दिवस में कोखराज थाने में अपर पुलिस अधीक्षक पहुंचे और उन्होंने समस्याओं को लेकर आए हुए फरियादियों की बातों को सुना और उस पर विचार करने के उपरांत फरियादियों को न्याय दिलाने की पहल की इस मौके पर उन्होंने अधीनस्थों और राजस्व कर्मियों से स्पष्ट कहा कि फरियादियों की समस्याओं के समाधान में किसी प्रकार की लापरवाही या बिलंबिता बर्दाश्त नहीं की जाएगी उन्होंने कहा कि शासन की प्राथमिकता है कि आम जनता की समस्याओं का समाधान हो और उन्हें त्वरित न्याय

### पुरामुफ्ती में आयोजित हुआ थाना समाधान दिवस

**कौशाम्बी।** पुरामुफ्ती थाना में शनिवार के दिन समाधान दिवस का आयोजन किया गया जिसमें आए सभी फरियादियों की समस्याओं को हल्का लेखपाल और पुलिस के माध्यम से सुना गया इस दौरान कई लोगों की समस्याओं का मौके पर निस्तारण किया गया, साथ ही कई लोगों को कार्यवाही करने का आश्वासन दिया गया समाधान दिवस में एसएसआई धर्मेंद्र कुमार वर्मा, एस आई सुनील कुमार यादव समेत तामाम पुलिसकर्मी और हल्का लेखपाल मौजूद रहे।

मिले इस मौके पर कई फरियादियों की समस्याओं का तत्काल निस्तारण किया गया।

कोखराज थाना के समाधान दिवस में शनिवार को अपर पुलिस अधीक्षक के साथ-साथ एसओ प्रदीप कुमार राय व राजस्व निरीक्षक ने फरियादियों की बातों को सुना और फरियादियों की तमाम समस्याओं का अधिकारियों ने मौके पर निस्तारण किया समाधान दिवस में लोगो ने अपनी ब्यथा अपर पुलिस अधीक्षक से की जिस पर सभी सर्किल के लेखपालों को विवादित मामलों को जाँच कर तत्काल उसे निस्तारण करने के लिए उन्होंने कहा । इस मौके पर कानून गो रियाज लेखपाल मदन सिह अमन,अम्रत सिह,मान सिह, धर्म राज ,अनुराधा,दिलीप सिंह आदि लेखपालों की मौजूदगी रही समाधान


फरियादियों की समस्याओं को सुनते अपर पुलिस अधीक्षक

दिवस में लोगों की समस्याओं को तत्काल निस्तारण करने का भी अपर पुलिस अधीक्षक ने निर्देश दिया इस मौके पर चौकी इंचार्ज योगेश तिवारी,सहित उप निरीक्षक एव पुलिस के जवान मौजूद रहे।

# वन विभाग की मिलीभगत से काट दिए गए तमाम हरे पेड़

**कौशांबी।** हरे और फलदार पेड़ काटने पर पूरी तरह से रोक लगाई गई है हरे पेड़ों को फर्जी रिपोर्ट के सहारे सूखा दिखाकर वन विभाग द्वारा लगातार हरे पेड़ों को काटने का परमिशन दिया जा रहा है पेड़ों के कटान के इस परमिशन में वन विभाग के अधिकारियों की भी भूमिका सवालों के घेरे में है जिले की धरती को हरा-भरा करने के बजाए वृक्ष विहीन करने पर वन विभाग के अधिकारी ही लगे हैं जिससे पर्यावरण को गंभीर संकट उत्पन्न दिखाई पड़ रहा है वही अपने बचाव में वन विभाग के अधिकारियों द्वारा बार-बार यह कहा जा रहा है कि अवैध पेड़ों का कटान नहीं हो रहा है परमिट मिलने के बाद पेड़ का कटान हो रहा है लेकिन अब सवाल उठता है कि क्या वन विभाग की


हरे पेड़ काटकर एकत्रित की गई लकड़ियों का दृश्य

नियमावली में हरे पेड़ों के कटान का परमिट देने का अधिकार प्रभागीय वना अधिकारी को है तो इस सवाल पर वन विभाग के अधिकारी चुप्पी साध जाते हैं ताजा मामला सराय के कस्बे का है जहां दो दिन से फिर हरे पेड़ों को काटकर लकड़ी माफिया उठा ले गए इसके पूर्व भरवारी कस्बे के पास रसूलपुर गिरसा के पास भी कई हरे पेड़ों को काट कर लकड़ी माफिया उठा ले गए थे हरे पेड़ों के कटान पर रोक लगाने के लिए शासन स्तर तक बार-बार शिकायत होती है लेकिन वन विभाग के अधिकारियों की भ्रष्टाचार की व्यवस्था नहीं सुधर रही है हरे पेड़ों के कटान पर परमिट मिलने के बाद जहां लकड़ी माफिया का हौसला बढ़ जाता है वही पुलिस भी बेबस हो जाती है वन विभाग द्वारा लगातार हरे पेड़ों के परमिट जारी कर कटान कराए जाने के मामले में शासन स्तर से उच्चस्तरीय जांच कराए जाने की जरूरत है और यदि शासन ने हरे पेड़ों के परमिट के मामले में सूखा पेड़ दिखाते हुए परमिट दिए जाने के मामले में उच्च स्तरीय जांच कराई तो वन विभाग के जिम्मेदारों पर गाज गिरना तय है।

सराय अकिल कस्बे के बुद्धपुरी निवासी सुशांत सिंह ने वन विभाग से घोसियां गांव स्थित बाग के चार आम के पेड़ कटवाने के लिए वन विभाग से अनुमति ली है जब कि यह हरे पेड़ है हरे पेड़ को काटने का परमिट कैसे मिला वन विभाग ने निजी उपयोग में लिए जाने के लिए पेड़ की कटाई की अनुमति दी है जबकि वन विभाग के परमिट को देखा जाए तो सूखे पेड़ काटने की अनुमति दी गई है और मौके पर जो पेड़ काटे जा रहे हैं वह हरे फलदार वृक्ष है दिग्भ्रमित कर हरे पेड़ों के कटान का आदेश देने का वन विभाग का सिलसिला यह पुराना हो चुका है जो विभाग की निष्ठा पर सवाल उठा रहा है और सराय अकिल के।

## जनता तक बुनियादी सुविधाएं पहुंचाना जिम्मेदारी, होगा हर संभव प्रयास : मोना

**लालगंज, प्रतापगढ़।** रामपुर संग्रामगढ़ विकासखण्ड के नरायनपुर इलाके मे एक करोड़ की लागत से बनने वाले पुल का विधायक ने निरीक्षण किया। कांग्रेस विधान मण्डल दल की नेता व क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना शनिवार को रामपुर संग्रामगढ़ ब्लाक मे नरायनपुर-बबुरिहा को जोडने वाले छुइया नाले पर निमार्णाधीन पुल का निरीक्षण किया। एक करोड़ की लागत से बनने वाले पुल का निरीक्षण करने के दौरान विधायक ने कार्यदायी संस्था को निर्धारित अवधि के भीतर निर्माण कार्य पूर्ण करने को कहा। उन्होने कहा कि नाले के पुल के निर्माण कार्य को पूरी गुणवत्ता व पारदर्शिता के साथ संपादित कराया जाय। यहां मौजूद लोगों से मोना ने कहा कि इस पुल के बन जाने से लोगों को आवागमन मे सुविधा होगी और कई गांव के लोग इसका लाभ उठा सकेगें। विधायक मोना ने कहा कि क्षेत्र मे बुनियादी सुविधाएं जैसे सड़क, बिजली, पानी व स्वास्थ्य समेत शासन की ओर से संचालित सभी योजनाओ का लाभ लोगों तक पहुंचाना उनकी प्राथमिकता है। इसके लिए वह हर संभव प्रयास करते हुए रामपुरखास को सभी योजनाओ से संतृप्त कराया जाएगा। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी, आशीष उपाध्याय, रोहित शुक्ल, महासचिव रवीन्द्र मिश्र, भुवनेश्वर शुक्ल, आनंद पाण्डेय, राकेश तिवारी, मनोज मिश्र, लालजी सरोज, नन्हेंलाल यादव, सुनील त्रिपाठी, महन्थ द्विवेदी, अम्बुज त्रिपाठी, कल्लू पाण्डेय, रज्जन उपाध्याय आदि मौजूद रहे।

## प्रीतम पटेल से मिलने पहुंचे एमएलसी

**कौशाम्बी।** इलाहाबाद झांसी स्नातक खण्ड से विधायक विधान परिषद डाक्टर मान सिंह यादव विधायक बनने के बाद आज समाज सेवी प्रीतम पटेल के आवास मनौरी में उनसे मिलने पहुँचे प्रीतम पटेल ने विधायक विधान परिषद का माला पहना कर गर्म जोशी से स्वागत किया विधायक डाक्टर मान सिंह यादव ने मतदाताओं का हार्दिक आभार व्यक्त किया और इस ऐतिहासिक परिवर्तन के लिए मतदाताओं का शुक्रिया अदा किया इस दौरान रमाकांत सिंह ,अभिमन्यु सिंह पटेल ,सरदार पटेल सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

## द्वारचार पर डांस को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट, आधा दर्जन चुटहिल

**प्रतापगढ़।** बारात मे डांस के दौरान दो पक्षो मे जमकर मारपीट हो गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस को देख मारपीट करने वाले आरोपी भाग निकले। घटना मे आधा दर्जन लोग चुटहिल हुए है। तनाव को देखते हुए पुलिस की मौजूदगी मे शादी की रस्म संपन्न हुई। सांगीपुर थाना क्षेत्र के सरूआ केलवापुर मे शुक्रवार को रामसजीवन वर्मा के यहां अमेठी के शनिचरा से बारात आयी थी। रात साढे दस बजे द्वारापूजा के दौरान डीजे की धुन पर बाराती डांस कर रहे थे। तभी गांव के कुछ युवक भी डांस के लिए बारातियो के बीच कूद पड़े। डांस को लेकर दोनों पक्षो के बीच गालीगलौज शुरू हो गयी और देखते ही देखते मारपीट होने लगी। घराती व बराती के बीच जमकर हुई मारपीट की सूचना पर सांगीपुर पुलिस भागकर मौके पर पहुंची। पुलिस को देखते ही मारपीट मे शामिल दोनो पक्षो के लोग भाग निकले। घटना मे आधा दर्जन लोगों को हल्की चोटें आने पर सांगीपुर सीएचसी ले जाया गया। मारपीट के बाद दोनों पक्षो के बीच तनाव को देख पुलिस को रात मे शादी की रस्म पूरी कराने के लिए रूकना पड़ा। पुलिस की मौजूदगी मे रात मे शादी सम्पन्न हुई तो लोगों ने राहत महसूस की।

### चाकू मारकर तमंचे से किया फायर

**प्रतापगढ़।** दीवार ढहाने का विरोध करने पर विपक्षियों ने चाकू से हमला कर घायल कर दिया। तमंचे से फायर कर जान से मारने की कोशिश की। पीड़ित ने थाने में तहरीर दी है।कंधई थाना क्षेत्र के चक मझानी निवासी कलीम अहमद का पड़ोसी से जमीन का विवाद है। दोनों के बीच अक्सर झगड़ा होता है। कंधई थाने में तहरीर देकर कलीम ने बताया कि शुक्रवार को भोर में करीब चार बजे पड़ोसी अपने साथियों के साथ ट्रैक्टर लेकर आया और उसकी दीवार गिरा दी। विरोध करने पर कलीम के पेट में चाकू मार दिया। इससे वह लहूलुहान हो गया। इसके बाद उस पर तमंचे से फायर भी किया गया। किसी तरह घर में छिपकर उसने अपनी जान बचाई। अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है।

# ग्रामीण क्षेत्र से फर्राटे के साथ गुजर रहे है बालू लदे ओवरलोड ट्रैक्टर

**कौशांबी।** जिले की प्रमुख सड़कों पर आला अधिकारियों की सख्ती के बाद बालू लदे वाहनों ने ग्रामीण क्षेत्रों की लिंक सड़कों का सहारा ले लिया है मुख्य सड़कों से बालू लदे वाहनों के गुजरने के बजाय चालक इन्हीं ग्रामीण इलाके की सड़कों से बालू वाहनों को निकाल रहे हैं जिले के चरवा थाना क्षेत्र से प्रतिदिन बड़ी संख्या में बालू लदे ओवरलोड वाहन प्रतापगढ़ व अन्य जनपदों के लिए बालू लेकर निकल रहे हैं और चरवा क्षेत्र से निकलने वाले इन अवैध वाहनों पर पुलिस रोक लगाने के बजाय थाने के सिपाही वसूली करते देखे जाते हैं जिससे बालू का अवैध व्यापार कम होने का नाम


बालू ले जाते ट्रैक्टर का दृश्य

नहीं ले रहा है।

गौरतलब है कि तहसील चायल के थाना चरवा अंतर्गत ग्राम बलीपुर टाटा से होकर प्रतिदिन बालू लदे ओवरलोड ट्रैक्टर फर्राटे के साथ गुजर रहे है आखिर किसके सहारे बालू के अवैध ओवर लोड वाहनों का इस क्षेत्र से खेल चल रहा है जिले के बिभिन्न क्षेत्र से फर्राटे से ओवरलोड ट्रैक्टर गुजर रहे है ग्रामीण क्षेत्र से होकर सुबह के भोर में गुजर रहे बालू लदे ओवर लोड ट्रैक्टर को रोककर उन पर कार्रवाई करने का अभी तक प्रयास नहीं हो सका है थाना चरवा क्षेत्र के बलीपुर टाटा चौराहा से होकर गुजर रहे ओवरलोड ट्रैक्टर के सहारे प्रतिदिन बड़ी तादाद में अवैध बालू का व्यापार हो रहा है और यदि इन चालकों के अभिलेखों की जांच कराई गई तो बालू के बड़े काले कारोबार का खुलासा होना तय है।

# विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष बने ज्ञान स्वरूप मिश्रा

**ज्ञान स्वरूप मिश्रा के जिलाध्यक्ष बनाये जाने पर समर्थको ने उन्हें माल्यार्पण कर उनका जोरदार स्वागत किया**

**कौशाम्बी।** विश्व हिंदू परिषद के जिलाध्यक्ष बनाए जाने पर समर्थको ने माल्यार्पण कर ज्ञान स्वरूप मिश्रा का जोरदार स्वागत किया है इस मौके पर एक सभा का आयोजन किया गया । प्रांतीय अध्यक्ष के निर्देश पर कौशांबी जिले के विश्व हिंदू परिषद धर्म प्रसार विभाग का जिला अध्यक्ष ज्ञान स्वरूप मिश्रा को बनाया गया है ज्ञान स्वरूप मिश्रा के जिला अध्यक्ष बनाए जाने की जानकारी पर उनके समर्थकों में हर्ष



समर्थकों के साथ खड़े ज्ञान स्वरूप मिश्रा

की लहर दौड़ पड़ी है और उनके आवास पर शिवपूजन राही समर पटेल अरुण पांडेय विकास तिवारी संदीप पाठक रमेश शर्मा विकास पाठक लव कुश आदि पहुंचे हैं और जिलाध्यक्ष बनाये जाने पर समर्थको ने उन्हें माल्यार्पण कर उनका जोरदार स्वागत किया और समर्थको ने कहा कि ज्ञान स्वरूप मिश्रा के अध्यक्ष बनाये जाने से संगठन और हिन्दू समाज मजबूत होगा। इस मौके पर शिवपूजन राही ने कहा कि ज्ञान स्वरूप मिश्रा के अंदर कूट-कूट कर हिंदुत्व की भावना भरी है और विश्व हिंदू परिषद में उन्हें सम्मान पूर्वक पद दिए जाने से हिंदू समाज मजबूत होगा उन्होंने कहा कि ज्ञान स्वरूप मिश्रा एक तेजतर्रार व्यक्ति हैं और सदैव सत्य के मार्ग पर चलकर उन्होंने न्याय की लड़ाई लड़ी है उन्होंने कहा कि ज्ञान स्वरूप मिश्र के संगठन में शामिल होने से धर्म प्रसार बढ़ेगा इस मौके पर बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### सपा नेता का मनाया गया जन्मदिन

**कौशाम्बी।** समाजवादी लोहिया वाहिनी प्रदेश अध्यक्ष रामकरन निर्मल का सपाइयों ने धूमधाम से जन्मदिन मनाया सपाइयों ने सपा लोहिया वाहिनी प्रदेश अध्यक्ष डॉ निर्मल से वीडियो कॉलिंग कर उनको जन्मदिन की बधाई दी कड़ा ब्लॉक प्रमुख अनुज सिंह यादव सहित कई सपाइयों की मौजूदगी में निर्मल के चित्र के सम्मुख केक काटकर हर्सोल्लास के साथ जन्मदिन मनाया गया बधाई देने के साथ निर्मल के उत्तम स्वस्थ व लंबी दीघार्यु की कामना। इस मौके पर मसूद अहमद ऊधव श्याम यादव रामशरण निर्मल लवकुश निर्मल एडवोकेट सतेंद्र यादव, राज यादव बचानी यादव, मो हमजा सुघर यादव मनीष चौधरी मयंक यादव हिमांशु यादव किशन पटेल शिवमूरत कनौजिया सुधीर यादव सहित कई लोग मौजद रहे।

## जमीनी हकीकत में नही हुए विकास कार्य

**कौशाम्बी।** सिराथू विकास खंड के देवखरपुर ग्राम पंचायत मे दबंग प्रधान पति के चलते बीते पांच वर्ष में जमीनी हकीकत में विकास कार्य नही हुए है सरकारी खजाने से लंबे चौड़े बजट निकल जाने के बाद भी आखिर क्यो आलाधिकारियो ने चुप्पी साध रखी है देवखर पुर गांव के विकास योजनाओं की रकम में किये गए भ्रष्टाचार में किस-किस अधिकारी की मिलीभगत है यह बड़ी जांच का विषय है और जांच हुई तो ग्राम प्रधान के साथ-साथ कई अधिकारियों के चेहरे बेनकाब होंगे। सरकारी खजाने से रकम अवमुक्त किए जाने के बाद भी देव-खर पुर ग्राम पंचायत में शौचालय का निर्माण कार्य पूरा क्यो नही कराया गया यह भी एक बड़ी जांच का विषय है तथा कागज पर दर्ज सैकड़ो शौचालय तथा जमीन स्तर पर सिर्फ दर्जन भर शौचालय का निर्माण हो सका है हैंडपंप रीबोर मे दर्जनभर की रिपोर्ट लगा दी गयी है जबकि गांव मे पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ है जिसकी शिकायत कई बार ग्रामीणों ने 1076 पर भी किया परन्तु ब्लाक स्तर के अधिकारियों कर्मचारियो की रूप रेखा प्रधान सचिव पर निर्भर करती है वही ब्लाक स्तर पर प्रधान चन्नी बानो के पति का दबदबा कायम है।